# വിജയപഥം
## കൊട്ടാരക്കര വിദ്യാഭ്യാസ ജില്ല
## SSLC PRE MODEL EXAMINATION 2021-22

**PM 01 HI 10** **HINDI** **Time : 1.30 hr.**

**CLASS : X** **score: 40**

**निर्देश :**

- सूचनाएँ ध्यान से पढ़ें और उत्तर लिखें।
- उत्तर लिखते समय अंक और समय पर ध्यान दें।
- 1 से 24 तक के प्रश्नों के लिए अधिकतम अंक 40 हैं।

Score

**(PART I)**

**A. सूचना : 1 से 6 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर लिखें।** **4x1=4**

1."एक पैन स्याही भर दो" यह किसने दुकानदार से कहा?

2. विशेषण शब्द पहचानकर लिखें।

**टूटा पहिया**

3. स्कूल में राजमा-चावल कौन लाता था?

4. सही विकल्प चुनकर लिखें। **उसमें =.......... +...........**

(क) वे **+** में (ख) ये **+** में (ग) वह **+** में (घ) यह **+** में

5. चार्ली ने गाना क्यों रोक दिया?

(क) आवाज़ की खराबी से (ख) मैक की खराबी से

(ग) माँ को बुलाने के लिए (घ) पैसे बटोरने के लिए

6. 'ला, थोड़ा पानी नाक बंद करके पी लूँ।' गंगी ने पानी न दिया । क्यों?

**B. सूचना : 7 से 9 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें।** **3x1=3**

7.भोपाल स्टेशन पर लेखक मोहन राकेश से मिलने कौन आया था ?

(क) अविनाश (ख) अब्दुल जब्बार (ग) मिर्ज़ा गालिब (घ) लेखक

8. 'बच्चे काम पर जा रहे हैं '-हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है यह।लेखक के अनुसार इसे कैसे लिखा जाना चाहिए ?

9. सही वाक्य चुनकर लिखें।

(क) गुठली ठुनककर बोलना लगा । (ख) गुठली ठुनककर बोलने लगी ।

(ग) गुठली ठुनककर बोलने लगे । (घ) गुठली ठुनककर बोलनी लगी ।

KTREDN DIS

## (PART II)

**A. सूचना : नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें ।** **2x1=2**

10. वह साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी, क्योंकि वह जानती थी कि वह साहिल की नज़र में बहुत अच्छी है। जब वह उसके पास आकर बैठी उससे नज़र नहीं मिला पाई। क्यों?

**B. 11 से 12 तक के प्रश्नों में से किसी 1 का उत्तर लिखें।** **2x1=2**

11. "व्यक्ति को मैं नहीं जानता था, हताशा को जानता था" कहते ही वे 'जानने' की हमारी उस जानी-पहचानी रूढ़ी को तोड़ देते हैं। 'जानना' शब्द की लेखक की व्याख्या से आप कहाँ तक सहमत हैं?

12. **वाक्य पिरामिड़** की पूर्ति करें
(गंगा में, पानी की)

तेज़ हो जाती है।
धारा तेज़ हो जाती है।
.......................................................
.........................................................................

## (PART III)

**A. सूचना : 13 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर लिखें।** **3x3=9**

13. हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं? इसलिए कि ये लोग गले में ताग डाल लेते हैं? यहाँ तो जितने हैं एक-से-एक छंटे हैं। इन विचारों में गंगी के कौन-कौन से दृष्टिकोण प्रकट होते हैं?

14. कवि और कविता का परिचय देते हुए नीचे दिए **पंक्तियों का आशय** लिखें।

तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ!
मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत

15. **तीन सही** प्रस्ताव चुनकर लिखें।

(क) गाते-गाते मैक में खराबी हो गई।
(ख) मैनेजर ने चार्ली को स्टेज पर भेजने की ज़िद की।
(ग) मैनेजर ने घोषणा की कि पहले मैं यह पैसे बटोरूँगा उसके बाद ही गाऊँगा।
(घ) चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैला दी।
(ङ) दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाई।

16. कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त। **कवि ने इन पंक्तियों में अकाल का चित्रण किस प्रकार किया है?**

**B. सूचना : नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें ।** **3x1=3**

17. बालमज़दूरी एक अभिशाप है, आज के बच्चे कल के नागरिक हैं। यह संदेश देनेवाला एक **पोस्टर** तैयार करें।

## (PART IV)

**A. सूचना : 18 से 20 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर लिखें।** **4x2=8**

18. गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मजबूरियों पर चोटें करने लगा- हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं? इसलिए कि ये लोग गले में ताग डाल लेते हैं? 'ठाकुर का कुआँ' - कहानी का एक सशक्त पात्र है 'गंगी' । **गंगी की चरित्रगत विशेषताओं पर एक टिप्पणी** लिखें।

(**संकेत:** कहानी का सशक्त पात्र, पति से प्यार करनेवाली,
जाति-प्रथा का शिकार, विद्रोही दिलवाली)

19. हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला-बदली का। यानी मेरे टिफ़िन के राजमा-चावल उसके और उसके घर से आया बड़ा-सा छाछ का डिब्बा मेरा। इस प्रसंग पर मिहिर और मोरपाल के बीच की **बातचीत** लिखें।

20. “दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था"। इस घटना पर एक **रपट** तैयार करें।

(**संकेत:** माँ की आवाज़ फटना, चार्ली को स्टेज पर जाने का मौका मिलना,
गाना और  नकल उतारना, लोगों में गुदगुदी फैलाना, नये शो मैन का उदय)

KTPEDN DIS

**B. सूचना : 21 से 22 तक के प्रश्नों में से किसी 1 प्रश्न का उत्तर लिखें।** **4x1=4**

21. गुठली सोचती रही क्या यह घर उसका नहीं ? क्या उसके आम की कैरियाँ वह कभी नहीं खा पाएगी? उसका कुत्ता, नानू भी उसका नहीं ? बगीचे में उसकी बनाई क्यारियाँ, मछलियों के लिए तालाब... क्या वे भी उसके नहीं ? गुठली की उस दिन की **ड़ायरी** लिखें।

(**संकेत:** बुआ की डाँट, माँ का बुआ का साथ देना, दीदी की शादी के कार्ड़ की याद, अकेलापन महसूस करना, विद्रोही मनोभाव )

22. संबंध पहचानकर **सही मिलान** करें ।

| | |
|---|---|
| बूढ़े मल्लाह | गज़ल |
| अविनाश ने | घर से चलते समय कुछ निश्चय नहीं था कि कब कहाँ कितने दिन रहूँ। |
| मोहन राकेश को | अब्दुल जब्बार |
| गालिब की चीज़ | अपनी कोट उतारकर दे दी। |

## (PART V)

**A. सूचना : 23 से 24 तक के प्रश्नों में से किसी 1 प्रश्न का उत्तर लिखें।** **5x1=5**

23. पाँचवीं कक्षा का रिज़ल्ट आ गया। दोनों छठी में आ गए। यह स्कूल पाँचवीं तक ही था। “साहिल अब तुम कहाँ पढ़ोगे ?” बेला ने पूछा। “और तुम कहाँ पढ़ोगी बेला ?” साहिल ने पूछा। कहानी के प्रसंग के आधार पर **पटकथा का एक दृश्य** लिखें।

(पटकथा में विवरण और संवाद होना ज़रूरी है)

**अथवा**

24. हमारा नायक 'कलाम' चाय की दुकान में काम करता है। उसका सपना है स्कूल जाना और टीवी में देखे लंबे बालोंवाले राष्ट्रपति 'कलाम' सा बनना। अपनी हालत और मन की इच्छाएँ व्यक्त करते हुए 'कलाम' (छोटु) राष्ट्रपति कलाम को एक **पत्र** भेजता है। वह **पत्र** कल्पना करके लिखें।

(**संकेत:** अपने परिवार की हालत, चाय की दुकान में काम करना, पढ़ने और कलाम सा बनने की इच्छा)

KTR EDN DIS